# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

**चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर-321201**

Email-vc@msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– प. 1(11)मसूबृवि / बोम / 2022 / 410 दिनांकः– 09.11.2022

## दिनांक 19.10.2022 को प्रबन्ध–मण्डल की बैठक का कार्यवाही विवरण

मा. कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध–मण्डल की 16वीं बैठक दिनांक 19.10.2022 को प्रातः 11:30 बजे विश्वविद्यालय के चक सकीतरा स्थित परिसर के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित रहे–

1. प्रो. राजेश कुमार सिंह धाकरे, कुलपति, म.सू.बृज विश्वविद्यालय, कुम्हेर, भरतपुर
2. प्रो. जे.पी. शर्मा, माननीय मनोनीत सदस्य, मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय पूर्व कुलपति, उदयपुर विश्वविद्यालय
3. डा. रमेश चन्द्र पाठक, राजभवन, तमसा मार्ग, अकबरपुर, जिला – अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) माननीय मनोनीत सदस्य, मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय
4. प्रो. जे.पी. यादव, माननीय कुलपति, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, मनोनीत सदस्य, राज्य सरकार
5. श्री वाजिब अली, विधायक नगर (ऑनलाइन)
6. डॉ. सोहन लाल मीना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर, मनोनीत सदस्य, राज्य सरकार
7. डा. धीरेन्द्र देवर्षि, प्राचार्य,रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर, मनोनीत सदस्य, राज्य सरकार
8. डा. सुरेश डागुर, प्राचार्य, स्वामी विवेकानन्द पी0जी0 महाविद्यालय भरतपुर, मनोनीत सदस्य, राज्य सरकार
9. श्री सी.एम. कोली, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर, अधिष्ठाता, कला संकाय, मनोनीत सदस्य, मा. कुलपति महोदय
10. श्रीमती मधु शर्मा, अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान संकाय, मनोनीत सदस्य, मा. कुलपति महोदय।
11. श्री सुभाष चन्द शर्मा, कुलसचिव, सदस्य सचिव

श्री सुभाष चन्द शर्मा, कुलसचिव, सदस्य सचिव ने प्रबन्ध–मण्डल के सभी उपस्थित सदस्यों व सभी सदस्यों का बैठक में स्वागत किया।

**बैठक में निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए–**

| क्र.सं | एजेण्डा बिन्दु |
|---|---|
| 1. | माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशों की अनुपालना में नए कुलपति की खोजबीन समिति (Search Committee) में प्रबन्ध मण्डल के 01 सदस्य का नाम निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। बिन्दु प्रबन्ध–मण्डल के अनुमोदनार्थ एवं नाम निर्धारण करने हेतु प्रस्तुत है। |
| निर्णय | प्रबन्ध मण्डल के सदस्य डॉ. सोहन लाल मीना जी द्वारा डॉ. आर.डी सैनी पूर्व अध्यक्ष आर.पी.एस.सी. को कुलपति की खोजबीन समिति (Search Committee) में मनोनीत करने का प्रस्ताव किया जिसका समर्थन श्री वाजिब अली, विधायक नगर द्वारा एवं समस्त सदस्यों द्वारा किया गया।<br>डॉ. आर.डी.सैनी का पूर्ण विवरण निम्नवत है।<br>1. पूरा नाम – डॉ. राम धारी सैनी<br>2. पता – हाउस नं. 229,सैक्टर–08,अमित भारद्वाज मार्ग, मालवीय नगर जयपुर –302017<br>3. मो.नं. – 7357753956<br>4. ई–मेल – rdsaini@yahoo.com<br>5. वेबसाइट – www.rdsainiwritings.com |
| 2. | पूर्व में प्रबन्ध–मण्डल से प्राप्त अनुमोदन के अनुसरण में विश्वविद्यालय के चक सकीतरा स्थित कैम्पस में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापना बाबत 68.63 लाख रूपये स्वीकृत किये गये थे। विभिन्न छात्र संगठनों की माँग पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने भव्य एवं अद्वितीय प्रतिमा के निर्माण हेतु आर.एस. |

<table>
<tr><td></td><td>आर.डी.सी. इकाई भरतपुर से स्टोन बेस व फाउण्डेशन तथा इस पर लगभग 21 फीट ऊँचाई की महाराजा सूरजमल की प्रतिमा लगाए जाने बाबत तकमीना माँगा। जिस पर कार्यदायी संस्था द्वारा 110.37 लाख रू. का अतिरिक्त राशि का तकमीना प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त तकमीना के आधार पर अतिरिक्त राशि रू. 110.37 लाख रू0 सम्मिलित करते हुए प्रबन्ध–मण्डल की बैठक निम्नानुसार संशोधन अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है–
<table>
<tr><th>क्र सं.</th><th>कार्य का नाम</th><th>अनुमानित लागत (लाखों में)</th></tr>
<tr><td>1</td><td>Gun metal statue of Maharaja Surajmal (Approx. height 21 feet & approx weight 3500.00 Kg)</td><td>166.40</td></tr>
<tr><td>2</td><td>Foundation of Statue with Stone Base in Natural shape (Bansi Paharpur Stone)</td><td>12.60</td></tr>
<tr><td></td><td>Total</td><td>179.00</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>निर्णय</td><td>महाराजा सूरजमल की प्रतिमा लगाने हेतु पूर्व में हुए निर्णय राशि 68.63 लाख के अतिरिक्त राशि 110.37 लाख व्यय करने प्रस्ताव तैयार किये जाने को निर्णय सर्वसम्मति से किया गया।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु दिनांक 06 अप्रेल 2021 के बिन्दु संख्या 09 में दिनांक 03.09.2020 को आयोजित वित्त समिति के बिन्दु संख्या 08 (04) में अनुमानित राशि 10 लाख अनुमोदित की गई थी। स्वास्थ्य केन्द्र के सुचारू संचालन बाबत राजकीय सेवा से रिटायर्ड 01 डाक्टर एवं 01 रिटायर्ड नर्सिंग स्टाफ लगाने हेतु पे माइनस पैंशन के आधार पर मानदेय तय किये जाने हेतु बिन्दु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।</td></tr>
<tr><td>निर्णय</td><td>विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु 01 डॉक्टर के साथ 01 नर्स के बजाय 02 नर्स लगाने का सुझाव श्री वाजिब अली, विधायक नगर द्वारा दिया गया जिसका समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों सहायक कर्मचारियों द्वारा परीक्षा सम्बन्धी कार्यों को सम्पादन करने हेतु कार्यानुसार मानदेय/यातायात व्यय, हार्ड ड्यूटी भत्ता आदि जो कुलसचिव के आदेश दिनांक 11.08.2016 पत्रांक 920–922 तक जारी किया गया था, (आदेश की प्रति संलग्न) को राजस्थान विश्वविद्यालय के अनुसार अद्यतन किया जाना प्रस्तावित है। बिन्दु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।</td></tr>
<tr><td>निर्णय</td><td>माननीय सदस्य प्रो.जे.पी. शर्मा द्वारा इस सम्बंध में, यदि राज्य सरकार के कोई नियम हैं तो उन्हें ध्यान में रखते हुए नियमानुसार पालना सुनिश्चित करते हुए प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।</td></tr>
<tr><td>5</td><td>डॉ. सुरेश डागुर द्वारा बी.एड. कॉलेजो की जॉच के बाद सही कार्यवाही करने की सलाह दी।</td></tr>
<tr><td>निर्णय</td><td>प्रो. जे.पी. यादव, माननीय कुलपति, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, महोदय ने सलाह दी की जॉच पश्चात दोषी पाए जाने की स्थिति में ऐसे कॉलेजो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही/Deaffiliation के विषय में चेतावनी दिये जाने की कार्यवाही की जाय।</td></tr>
</table>

सदस्य सचिव श्री सुभाष चन्द शर्मा द्वारा मा. अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो. राजेश धाकरे)
कुलपति

(सुभाष चन्द शर्मा)
कुलसचिव